भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. †3654

सोमवार, 10 अगस्त, 2026/19 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**अमृतसर में पर्यटन को बढ़ावा देना**

**†3654. श्री गुरमीत सिंह मीत हायेर:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पाँच वर्षों के दौरान अमृतसर में अवसंरचना और पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु सरकार द्वारा स्वीकृत, जारी और उपयोग किए गए वित्तीय अनुदानों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त शहर में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) और स्वदेश दर्शन (एसडी) योजनाओं के अंतर्गत आवंटित निधियों तथा पूर्ण की गई परियोजनाओं का विशिष्ट ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार के पास अमृतसर के लिए पर्यटन विकास संबंधी कोई नया प्रस्ताव वर्तमान में विचाराधीन या कार्यान्वयनाधीन हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): धार्मिक पर्यटन स्थल सहित पर्यटन स्थलों और पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालाँकि, मंत्रालय अपनी मौजूदा योजनाओं 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन 2.0 की एक उप-योजना और 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' के माध्यम से पंजाब सहित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को योजना दिशानिर्देशों एवं सरकारी निर्देशों के अनुरूप, उनके द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) की प्रस्तुति, निधियों की उपलब्धता, परस्पर प्राथमिकता आदि के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान कर पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का वैश्विक स्तर पर विकास' नामक अपनी पहल के तहत, वर्ष 2024-25 में पर्यटन परियोजनाओं के विकास के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की है।

उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत नई परियोजना की स्वीकृति एक सतत प्रक्रिया है। अमृतसर सहित पंजाब राज्य में एसडी, एसडी 2.0, सीबीडीडी, एसएएससीआई और प्रशाद योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

**अनुबंध**

श्री गुरमीत सिंह मीत हायेर द्वारा अमृतसर में पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †3654 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**(i) पंजाब राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजना का विवरण:**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **परिपथ/ स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **जारी/प्राधिकृत राशि** | **उपयोग की गई राशि** | **भौतिक स्थिति** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विरासत 2016-17 | आनंदपुर साहिब - फतेहगढ़ साहिब - चमकौर साहिब - फिरोजपुर - खटकर कलां - कलानौर - पटियाला का विकास | 85.32 | 81.05 | 81.05 | पूर्ण |

**(ii) पंजाब राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **गंतव्य** | **अनुभव का नाम** | **स्वीकृति तिथि** | **स्वीकृत राशि** | **उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि** | **भौतिक स्थिति** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अमृतसर | अटारी में सीमा पर्यटन अनुभव | 20.08.2024 | 25.91 | 2.59 | कार्यान्वयन के चरण में |
| 2. | कपूरथला | कांजिली वेटलैंड में इको पर्यटन अनुभव | 05.03.2024 | 19.56 | 1.96 | कार्यान्वयन के चरण में |

**(iii) पंजाब राज्य में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना - स्वदेश दर्शन 2.0 की एक उप-योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **गंतव्य/श्रेणी** | **अनुभव का नाम** | **स्वीकृति तिथि** | **स्वीकृत राशि** | **उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि** | **भौतिक स्थिति** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रूपनगर (आनंदपुर साहिब) | विरासत मार्ग - श्री आनंदपुर साहिब में शांति और सद्भाव | 27.03.2025 | 24.90 | 2.49 | कार्यान्वयन के चरण में |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | (आध्यात्मिक पर्यटन) | का प्रतीक | | | | |
| 2. | फिरोजपुर (हुसैनीवाला बॉर्डर) (संस्कृति एवं विरासत) | हुसैनीवाला बॉर्डर में सांस्कृतिक और विरासत संबंधी विस्तार | 27.03.2025 | 25.00 | 2.50 | कार्यान्वयन के चरण में |

**(iv) पंजाब राज्य में 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजना का विवरण:**

**(करोड़ रु. में)**

| क्र.सं. | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | उपयोग के लिए जारी राशि | भौतिक स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | एसबीएस नगर में खटकर कलां में शहीद-ए-आजम, सरदार भगत सिंह को श्रद्धांजलि के रूप में हेरिटेज स्ट्रीट का विकास | 53.45 | 35.27 | कार्यान्वयन के चरण में |

**(v) पंजाब राज्य में तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(करोड़ रु. में)**

| क्र.सं. | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | जारी राशि | उपयोग की गई राशि | भौतिक स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2015-16 | अमृतसर में करुण सागर वाल्मीकि स्थल का विकास | 6.40 | 6.40 | 6.40 | पूर्ण |
| 2. | 2021-22 | चमकौर साहिब, रोपड़, पंजाब का विकास | 30.52 | 23.80 | 23.80 | कार्यान्वयन के चरण में |

*****